<u>संख्या-10/2018/ 1251/71-4-2018-एस-31/2016</u>

प्रेषक,

डा0 रजनीश दुबे,
प्रमुख सचिव
उ0प्र0 शासन।

सेवा में,

कुलसचिव,
उ0प्र0 आयुर्विज्ञान विश्वविद्यालय,
सैफई इटावा।

चिकित्स शिक्षा अनुभाग-4 लखनऊ : दिनॉक 02 नवम्बर, 2018

विषयः-उ0प्र0 आयुर्विज्ञान विश्वविद्यालय, सैफई, इटावा में टेक्नीशियन (डायलिसिस) के 04 पद वेतनमान रू05200-20200 ग्रेड पे रू0 2800/- में सृजित किये जाने के संबंध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक महोदय उपर्युक्त विषयक आपके पत्र संख्या-1236/ई/यूपीयूएमएस/Estt.-II/2018-19 दिनांक 07.06.2018 के संदर्भ में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि उत्तर प्रदेश आयुर्विज्ञान विश्वविद्यालय, सैफई, इटावा में टेक्नीशियन (डायलिसिस) 04 पद वेतनमान रू0 5200-20200 ग्रेड पे रू0 2800/- अस्थायी रूप से दिनांक 28.02.2019 तक के लिए, बशर्ते इन पदों को इससे पूर्व बिना किसी सूचना के समाप्त न कर दिया जाय, सृजित किये जाने की श्री राज्यपाल महोदय सहर्ष स्वीकृति निम्नलिखित शर्तो के अधीन प्रदान करते हैः

1. विश्वविद्यालय द्वारा यह सुनिश्चित किया जायेगा कि प्रस्तावित पद मानकों तथा कार्यात्मक/वास्तविक आवश्यकता के अनुरूप हैं।
2. विश्वविद्यालय द्वारा यह सुनिश्चित किया जायेगा कि पदों के वेतनमान/पदनाम/विद्यमान शासनादेशों/दिशा निर्देशों के अनुरूप हैं।
3. विश्वविद्यालय द्वारा यह सुनिश्चित किया जायेगा कि सृजित पद निर्धारित गाइडलाइन्स/मानकों के अनुरूप हैं।

2- इस संबंध में होने वाला व्यय चालू वित्तीय वर्ष 2018-19 के आय व्ययक के अनुदान संख्या-31-चिकित्सा विभाग(चिकित्सा शिक्षा एवं प्रशिक्षण) के लेखाशीर्षक "2210-चिकित्सा तथा लोक स्वास्थ्य-आयोजनागत-05-चिकित्सा शिक्षा प्रशिक्षण तथा अनुसंधान-105-एलोपैथी-03-शिक्षा-0328-रूरल इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल सांइसेज सैफई, इटावा में मेडिकल कालेज की स्थापना-31-सहायता अनुदान-सामान्य(वेतन) के नामे डाला जायेगा।

3- यह आदेश वित्त विभाग के अशासकीय संख्या-ई-3/2117/दस-2018, दिनांक 15 अक्टूबर,2018 में प्राप्त उनकी सहमति से जारी किये जा रहे हैं। भवदीय,

(डा0 रजनीश दुबे)
प्रमुख सचिव

<u>संख्याः-10/2018/1251(1)/71-4-2018 तद्दिनांक।</u>

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः-

1. महालेखाकार, उ0प्र0, इलाहाबाद।
2. कोषाधिकारी, इटावा ।
3. वित्त अधिकारी, उआयुर्विज्ञान 0प्र0 विश्वविद्यालय, सैफई, इटावा ।
4. महानिदेशक, चिकित्सा शिक्षा एवं प्रशिक्षण, उ0प्र0 लखनऊ।
5. वित्त (व्यय-नियंत्रण) अनुभाग-3
6. नियोजन अनुभाग-4
7. स्थानीय निधि लेखा परीक्षा विभाग, उ0प्र0 लखनऊ।
8. गार्ड फाइल। आज्ञा से,

(कुलदीप कुमार रस्तोगी)
उप सचिव।

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अतः इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.nic.in

http://shasanadesh.up.nic.in

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अतः इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।